

# Press Release

29.07.2024

**डॉ. संतोष कुमार सुमन**
**राष्ट्रीय अध्यक्ष हम (से0) सह मंत्री, बिहार सरकार**

नौकरशाही में दलितों-पिछड़ों की कमी के लिए आरक्षण विरोधी कांग्रेस जिम्मेदार

- डा. संतोष कुमार सुमन

……………………

- हलवा सेरेमनी में अफसरों की जाति पर राहुल गाँधी का बयान ओछा, दुर्भाग्यपूर्ण

पटना। बिहार के सूचना प्रावैधिकी एवं लघु सिंचाई मंत्री डा.संतोष कुमार सुमन ने बजट पर राहुल गाँधी के भाषण को तथ्यहीन और दुर्भाग्यपूर्ण बताया और कहा कि हलवा सेरेमनी में शामिल अफसरों की जाति को लेकर टिप्पणी उनकी ओछी सोच जाहिर करती है।

उन्होंने कहा कि जिस कांग्रेस ने काका कालेलकर समिति की रिपोर्ट कूड़ेदान में डाल दी और मंडल आयोग की रिपोर्ट लागू करने का विरोध किया, उसके नेता आज दलितों-पिछड़ों के मसीहा बन रहे हैं।

डाक्टर सुमन ने कहा कि देश की उच्चतर नौकरशाही, विशेषकर वित्त मंत्रालय में आज यदि दलित, पिछड़े-अतिपिछड़े और आदिवासी समाज के लोग बहुत कम हैं, तो इसके लिए 60 साल तक अखंड राज करने वाली वह कांग्रेस जिम्मेदार है, जिसने कभी आरक्षण लागू नहीं होने दिया।

उन्होंने कहा कि राहुल गाँधी के बयान पर वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने माथा पकड़ कर जिस तरह से निराशा प्रकट की , वह दृश्य दुखद था। राहुल गाँधी नेता प्रतिपक्ष के पद की गरिमा मिट्टी में मिलाने पर तुले हैं।

डाक्टर सुमन ने कहा कि पहले हिंदुओं को हिंसक कहना और अब चक्रव्यूह की तुलना पवित्र पुष्प कमल से करना साबित करता है कि राहुल गाँधी वोट बैंक की राजनीति के लिए कहाँ तक गिर सकते हैं।